### संपादकीय

## तेल की बदलती अर्थव्यवस्था

रूस को प्रतिबंधित करने की कोशिश में पश्चिम के धनी देश अपने लिए तेल और गैस के नए स्रोत ढूंढ रहे हैं। नतीजा, तेल उत्पादक और गैस सप्लायर देशों से नए सौदे करने की लगी होड़ है। लेकिन अगर इन देशों के ज्यादातर उत्पाद को धनी देशों ने खरीद लिया, तो गरीब देशों की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी।

यूक्रेन पर रूस के हमले का सबसे असर जिस क्षेत्र पर पड़ा है, वो कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का विश्व बाजार है। रूस को प्रतिबंधित करने की कोशिश में पश्चिम के धनी देश अपने लिए तेल और गैस के नए स्रोत ढूंढ रहे हैं। नतीजा, तेल उत्पादक और गैस सप्लायर देशों से नए सौदे करने की लगी होड़ है। इस बीच जानकार चेतावनी दे रहे हैं कि अगर इन देशों के ज्यादातर उत्पाद को धनी देशों ने खरीद लिया, तो गरीब देशों की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी। फिलहाल, ताजा खबर यह है कि यूरोप की सबसे ताकतवर अर्थव्यवस्था जर्मनी के वित्त मंत्री रॉबर्ट हाबेक हाल में कतर और संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर गए। कतर में उन्होंने लंबे समय तक ऊर्जा आपूर्ति को लेकर एक समझौता किया। उसके पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के दौरे पर गए। वहां उन्होंने सऊदी को कुछ वक्त के लिए वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति बढ़ाने के लिए राजी करने की कोशिश की। वहीं इटली के विदेश मंत्री भी पहले अल्जीरिया और फिर कतर के दौरे पर गए, जहां उन्होंने ऊर्जा आपूर्ति संबंधी बातचीत की। इटली की निगाह अजरबैजान, ट्यूनीशिया और लीबिया पर भी है।

साफ है कि रूस के यूक्रेन पर हमला करने के बाद से कई वैश्विक समीकरण बदल गए हैं। रूस से लंबे समय से खूब तेल और गैस खरीदने वाले तमाम यूरोपीय देश अब रूस से निर्भरता घटाना चाहते हैं। रूसी तेल और गैस पर यूरोप की निर्भरता कुछ ऐसी रही है कि जर्मनी अपनी कुल जरूरत की आधे से ज्यादा नेचुरल गैस, कुल जरूरत का आधा कोयला, और कुल जरूरत का एक-तिहाई तेल रूस से आयात करता है। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिका ने रूसी तेल खरीदने पर पाबंदी लगा दी। अन्य यूरोपीय देशों ने भी तमाम पाबंदियों का एलान किया। फिर भी युद्ध शुरू होने के बाद से यूरोपीय संघ के देश तेल, नेचुरल गैस और कोयले के लिए रूस को 13.3 अरब यूरो ट्रांसफर कर चुके हैं। एक स्टडी के मुताबिक अभी यूरोप से सिर्फ तेल के लिए ही रूस को रोजाना 21 अरब रुपये से ज्यादा जा रहे हैं। अब मकसद रूस को इस धन से वंचित करना है। लेकिन इस कोशिश में इन देशों को दूसरे देशों का रुख करना पड़ रहा है। इससे पेट्रोलिय की पूरी विश्व अर्थव्यवस्था ही बदलती नजर आ रही है।

## इंडियन ऑयल ने की 'परिवर्तन-जेल से गौरव' मुहिम के तीसरे चरण की शुरूआत

### 550 कैदी होंगे शामिल




**नई दिल्ली।** भारत की अग्रिम तेल वितरण कंपनी इंडियन ऑयल ने कैदियों के लिए चलायी जा रही 'परिवर्तन - जेल से गौरव' पहल के तीसरे चरण की शुरूआत की। इसका उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष श्रीकांत माधव वैद्य ने किया। इस चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 15 जेलों में चुनिंदा खेलों में कैदियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

कंपनी ने बुधवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि तीसरे चरण में इंडियनऑयल संबंधित राज्य पुलिस के कारागार विभाग के समन्वय से जेल में बंद कैदियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए बास्केटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस और कैरम में कोचिंग कार्यक्रमों की सुविधा प्रदान करेगा।

इंडियन ऑयल ने कहा कि चरण की शुरुआत के साथ, इस पहल के तहत आने वाली जेलों की कुल संख्या 37 हो गई है और कंपनी का लक्ष्य कार्यक्रम के इस चरण में 550 कैदियों को प्रशिक्षित करना है। कोचिंग सहायता के अलावा भागीदारियों को इंडियनऑयल किट और उपकरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

श्री वैद्य ने कहा,परिवर्तन के पहले दो चरणों ने पहले ही जेल के कैदियों के जीवन को बदलने और समाज के साथ उनके एकीकरण को सुविधाजनक बनाकर एक उल्लेखनीय सामाजिक आंदोलन की शुरुआत की है। इंडियनऑयल इस तरह की अनूठी पहल को आगे बढ़ाने वाला पहली कंपनी है, और मुझे इस बात पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है कि कैसे इंडियनऑयल के खिलाड़ियों ने बाहरी कोचों के साथ मिलकर कैदियों को उनके खेल हितों को विकसित करने में मदद की है।

उन्होंने कहा, आने वाले दिनों में हम और अधिक कैदियों को परिवर्तन के दायरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुझे विश्वास है कि यह खेल प्रयास एक सामाजिक लहर पैदा करना जारी रखेगा जो कैदियों में सुधार से उनके जीवन को बदल देगा।

आजादी के अमृत महोत्सव समारोह के हिस्से के रूप में परिवर्तन पहल का पहला चरण 15 अगस्त, 2021 को शुरू किया गया था, और दूसरा चरण दो अक्टूबर, 2021 को गांधी जयंती के अवसर पर शुरू किया गया था। पहले दो चरणों के दौरान, 1,100 से अधिक कैदियों ने सफलतापूर्वक खेल प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

## आटा-चावल-नमक से लेकर खाद्य तेल तक के बढ़े भाव



**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुए करीब एक महीना होने को है। अब जहां पूरी दुनिया पर परमाणु युद्ध का खतरा मंडराने लगा है तो वहीं महंगाई की भट्ठी में आम आदमी तप रहा है। इस युद्ध की वजह से कच्चे तेल के भाव आसमान छूने लगे, जिसका असर सभी प्रकार की वस्तुओं पर दिखने लगा है। पिछले एक महीने में भारतीय बाजारों में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी उछाल आया है। खासकर खाद्य तेलों और जिंसों की कीमतों पर। उपभोक्ता मंत्रालय की वेबसाइट पर दिए गए आंकड़ों के मुताबिक 23 फरवरी को भारत में सूरजमुखी तेल (पैक) की औसत कीमत 151.08 रुपये प्रति किलो थी। अब 23 मार्च को सूरजमुखी तेल की कीमत 20.72 फीसद उछलकर 182.38 रुपये पर पहुंच गई। इसकी तरह 148.09 रुपये में एक किलो मिलने वाला सोया ऑयल 9.83 फीसद महंगा होकर 162.64 रुपये पर पहुंच गया। विदेशों से आने वाले पाम तेल एक महीने में 13.65 फीसद महंगा होकर 151.80 रुपये पर पहुंच गया है। वहीं, मूंगफली तेल में 5.30 और वनस्पति में 9.68 फीसद की वृद्धि हुई है। इन सबके विपरीत इस अवधि में सरसों के तेल में 0.19 फीसद की मामूली बढ़ोतरी हुई है। आम हो या खास। सबकी मूलभूत आवश्यकताओं में शामिल आटा, चावल और गेहूं के भाव भी रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद बढ़ गए हैं। यहां तक कि नमक भी 1.21 फीसद महंगा हो गया है। इस एक महीने में चावल के रेट में जहां औसतन 2.04 फीसद का इजाफा हुआ है, वहीं गेहूं का आटा 2.17 फीसद महंगा हुआ है। दालों में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हुई है।

## इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने घरेलू पीएनजी के दाम बढ़ाएं

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने घरेलू प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की कीमत में एक रुपए प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर (एससीएम) की बढ़ोतरी की। कंपनी ने बढ़ी दरों को गुरुवार से लागू कर दिया। पीएनजी के दामों में बढोतरी के साथ दिल्ली में इसकी कीमत 36.61 रुपए प्रति एससीएम हो गयी है, जबकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में यह 35.86 रुपए प्रति एससीएम के दाम से ग्राहकों को प्रदान की जाएगी। गुरुग्राम में दाम में इजाफे के साथ पीएनजी की कीमत 34.81 प्रति एससीएम हो गयी है।

पेट्रोल-डीजल के दामों में हुयी बढोतरी के बाद कंपनी ने यह फैसला लिया है। पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार दो दिनों 22-23 मार्च को 80-80 पैसों की बढोतरी हुयी थी। राजधानी दिल्ली में बढोतरी के साथ ही पेट्रोल के दाम 97.01 प्रति लीटर, जबकि डीजल के दाम 88.27 प्रति लीटर हो गए हैं।

## पाकिस्तान का लाहौर में हॉरर शो, मात्र 4 रन में आखिरी 5 विकेट खोकर दर्ज किया शर्मनाक रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन टेस्ट मैच की सीरीज का आखिरी और निर्णायक मुकाबला लहौर में खेला जा रहा है। मेजबान टीम ने इस मुकाबले में अपने नाम शर्मानाक रिकॉर्ड दर्ज कर लिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने उस्मान ख्वाजा (91), स्टीव स्मिथ (59), कैमरन ग्रीन (79) और ऐलेक्स कैरी (67) के अर्धशतकों की मदद से 391 रन बनाए थे। इसके जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम पहली पारी में 268 रनों पर ही ढेर हो गई। ऐसा नहीं कि पाकिस्तान को अच्छी शुरुआत नहीं मिली और लगातारा अंतराल पर विकेट मिले, टॉप 4 में तीन बल्लेबाजों ने अर्धशतक जड़े मगर आखिरी समय में टीम ताश के पत्तों की तरह ढह गई। अब्दुल्ला शफीक (81) और अजहर अली (78) ने पहला विकेट जल्दी गिरने के बाद टीम को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 150 रनों की बड़ी साझेदारी की। इसके बाद बाबर (67) बल्लेबाजी करने आए और उन्होंने अजहर के साथ 44 रनों की साझेदारी की। एक समय ऐसा था जब टीम ने 214 रनों पर अपने तीन विकेट खोए थे। तब ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान आसानी से ऑस्ट्रेलिया के स्कोर तक पहुंच जाएगी, मगर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को ऐसा मंजूर नहीं था।

एक छोर कप्तान बाबर आजम ने संभाला हुआ था मगर दूसरे छोर पर लगातार विकेट गिर रहे थे। हद तो तब हो गई जब पाकिस्तान ने अपने आखिरी 5 विकेट मात्र 4 रन के अंदर खो दिए। 264 के स्कोर पर साजिद खान के रूप में पाकिस्तान का 6ठां विकेट गिरा, इसके बाद नौमान अली, हसन अली, बाबर आजम और नसीम शाह मात्र 10 गेंदों में अपने विकेट खोकर पवेलियन लौट गए। इसी के साथ पाकिस्तान के क्रिकेट के इतिहास का सबसे बड़ा कॉलेप्स हुआ।

## ऐश्वर्या रजनीकांत ओ साथी चल से बॉलीवुड निर्देशक के रूप में करेंगी शुरुआत



रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या कुछ समय से अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में थीं। धनुष से अलगाव को लेकर वह खूब सुर्खियों में रहीं। खैर, अब ऐश्वर्या अपनी जिंदगी में आगे बढ़ काम पर फोकस कर रही हैं। साउथ के बाद वह बॉलीवुड में अपनी किस्मत आजमाने वाली हैं। वह अपनी पहली हिंदी फिल्म का निर्देशन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। खुद ऐश्वर्या ने इस फिल्म की घोषणा कर दी है।

ऐश्वर्या रजनीकांत ने इंस्टाग्राम पर अपनी पहली हिंदी फिल्म का पोस्टर शेयर किया। इसमें एक खाली गली का नजारा दिख रहा है, जिसमें बंद घरों के बाहर एक साइकिल खड़ी है। इसके साथ ऐश्वर्या ने लिखा, मेरा हफ्ता इससे बेहतर शुरू नहीं हो सकता। हिंदी में अपने निर्देशन में बनने वाली पहली फीचर फिल्म ओ साथी चल की घोषणा कर उत्साहित, खुश और धन्य महसूस कर रही हूं। यह एक असाधारण सच्ची प्रेम कहानी है, जिसकी निर्माता मीनू चोपड़ा हैं।

ऐश्वर्या से पहले उनके पिता रजनीकांत और पूर्व पति धनुष भी बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुके हैं और दोनों को ही हिंदी पट्टी के दर्शकों ने खूब पसंद किया है। अब देखना होगा कि ऐश्वर्या की दाल बॉलीवुड में गलती है या नहीं।

ऐश्वर्या ना सिर्फ निर्देशक, बल्कि एक बेहतरीन प्लबैक सिंगर के रूप में भी दक्षिण भारतीय सिनेमा में अपनी एक खास पहचान बना चुकी हैं। उन्होंने रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 3 का निर्देशन किया था। इसमें धनुष और श्रुति हासन की जोड़ी नजर आई थी। इस फिल्म का गाना वाय दिस कोलावेरी डी बहुत लोकप्रिय हुआ था।


## इंग्लैंड टीम ने पाकिस्तान को 9 विकेट से धोया, नेट रनरेट में भारत से निकली आगे



**नई दिल्ली।** आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में टीम इंडिया पहुंचेगी या नहीं अब इसका फैसला 27 मार्च को ही होगा। आज दो मैच खेले गए और दोनों मैच के रिजल्ट टीम इंडिया को नुकसान पहुंचाने वाले ही रहे। वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच बारिश की भेंट चढ़ गया, वहीं इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 9 विकेट से धो डाला। इंग्लैंड ने मैच 106 रनों का टारगेट 20 ओवर से पहले ही महज एक विकेट गंवाकर हासिल किया और नेट रनरेट के मामले में भारत को पीछे छोड़ दिया। पाकिस्तान की इस शर्मनाक हार ने भारत के लिए सेमीफाइनल का रास्ता काफी मुश्किल कर दिया है। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच मैच रद्द होने के बाद वैसे ही टीम इंडिया की मुश्किलें बढ़ चुकी थीं। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दो ऐसी टीमें हैं, जो सेमीफाइनल का टिकट कटा चुकी हैं, अब वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और भारत में से दो टीमें और सेमीफाइनल का टिकट कटा सकती हैं।

न्यूजीलैंड का नेट रनरेट इतना खराब है कि वह इस रेस से लगभग आउट हो चुकी है। इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ जीत के साथ ना केवल दो प्वॉइंट्स हासिल किए बल्कि नेट रनरेट के मामले में भारत से ऊपर आ गई है। वेस्टइंडीज अपने सभी लीग मैच खेल चुकी है और अब उसको बाकी टीमों के रिजल्ट्स पर नजर बनाए रखनी होगी। भारत के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी लीग मैच करो या मरो वाला ही होगा। भारत को सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए हर हाल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 27 मार्च को होने वाला अपना आखिरी लीग मैच जीतना होगा। वहीं इंग्लैंड की बात करें, तो उसका आखिरी मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ है। पहले तीन मैच गंवाकर इंग्लैंड ने लगातार तीन मैच जीतकर टूर्नामेंट में शानदार वापसी की है।

## अभिषेक की दसवीं का ट्रेलर रिलीज, जाट नेता के रोल में छा गए अभिनेता





अभिनेता अभिषेक बच्चन फिल्म दसवीं को लेकर दर्शकों की जुबां पर हैं। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 7 अप्रैल को आएगी। इसे जिओ सिनेमा पर भी प्रसारित किया जाएगा। काफी समय से फैंस इस फिल्म के ट्रेलर का इंतजार कर रहे थे। मेकर्स ने आज फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है। इसमें अभिषेक का स्वैग देखते ही बन रहा है। एक जाट नेता के रूप में उनकी भूमिका काफी मजबूत लग रही है।

अभिषेक ने अपने ट्विटर हैंडल पर फिल्म का ट्रेलर शेयर किया है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, पब्लिक की डिमांड पर और भारी-भरकम वोटों से प्रस्तुत करता हूं दसवीं का ट्रेलर। फिल्म में यामी गौतम और निम्रत कौर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इसका निर्देशन तुषार जलोटा ने किया है। फिल्म के पोस्टर को भी शानदार प्रतिक्रिया मिली थी और अभिषेक का लुक काफी दमदार लगा था। ट्रेलर में भी अभिनेता का अंदाज लोगों को पसंद आ रहा है।

अभिषेक आठवीं पास जाट नेता गंगा राम चौधरी के किरदार में दिखे हैं। ट्रेलर की शुरुआत मुख्यमंत्री गंगा राम (अभिषेक) को भ्रष्टाचार के मामले में न्यायिक हिरासत में भेजा जाता है। सलाखों के पीछे भी अभिषेक की हनक चलती है।

## महेश बाबू की बेटी सितारा ने रखा फिल्मी दुनिया में कदम, रिलीज हुआ गाना



साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू ने भले ही अभी तक बॉलीवुड में आगाज ना किया हो, लेकिन हिंदी पट्टी के दर्शकों के बीच भी उनकी दीवानगी कम नहीं है। अब ना सिर्फ महेश बाबू, बल्कि उनकी बेटी सितारा भी पापा की राह पर चल पड़ी हैं। उन्होंने बड़े पर्दे पर आगाज कर लिया है, वो भी अपने पिता की फिल्म से। सितारा, महेश बाबू की फिल्म सरकारु वारी पाटा में दिखाई देंगी।

फिल्म सरकारु वारी पाटा महेश बाबू के लिए काफी खास है , क्योंकि इस फिल्म के जरिए उनकी बेटी सितारा फिल्मी जगत में कदम रख रही हैं। सितारा पर फिल्माया गया इस फिल्म का गाना पेनी रिलीज हो गया है। इसमें अपनी बेटी का अंदाज देख महेश बाबू काफी खुश हुए हैं। सितारा एक रॉकस्टार की तरह डांस करती दिख रही हैं।

### आज का राशिफल

***मेष:*** आज स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। रक्त संबंधी व्याधि से परेशानी का अनुभव करेंगे। यदि आप ऑपरेशन कराने का विचार कर रहे हैं, तो आपके लिए आज अनुकूल दिन नहीं है।

***वृष:*** आज आपके लिए निजी संबंधों का विशेष महत्त्व होगा। आपकी समस्त प्रवृत्तियां घर और परिवार को केंद्र स्थान में रखकर होंगी। आप उनके साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत करेंगे।

***मिथुन:*** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है। आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। आज किसी पार्टी में आपकी मुलाकात किसी ऐसे शख्स से हो सकती है, जो आर्थिक पक्ष को मजबूत करने के लिए आपको अहम सलाह दे सकता है।

***कर्क:*** आज आप आनंद उत्साह के कारण आत्म संतोष की भावना अनुभव करेंगे। आप हरेक कार्य में संतोष प्राप्त करेंगे। आपको आज आर्थिक विषयों का उतना महत्त्व नहीं होगा, परंतु कुछ छोटी बातें आपको बहुत टेंशन करवाएंगी।

***सिंह:*** पूरे दिन नौकरी-व्यवसाय के कार्य में व्यस्त रहेंगे। विशेषरूप से बड़ी कंपनियों में कार्य करने वाले लोगों के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण दिन रहेगा। आज का दिन विशेष बना रहेगा।

***कन्या:*** ऑफिस में आपके उच्च पदाधिकारीगण आपकी अद्भुत कार्यक्षमता के कारण प्रशंसा करेंगे। उसमें आर्थिक लाभ मिलने से आपकी खुशी दोगुनी होगी। आपका योग्य दृष्टिकोण इच्छित परिणाम प्राप्त करने में लाभदायक साबित हो सकता है।

***तुला:*** मुमकिन है कि आपको किसी अंग में दर्द या तनाव से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़े। आर्थिक दृष्टि से आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आज आपको धन लाभ तो हो सकता है, लेकिन इसके लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी।

***वृश्चिक:*** अगर आप बहुत ज़्यादा तनाव महसूस कर रहे हैं, तो बच्चों के साथ अधिक समय बिताएं। उनके प्यार भरे आलिंगन और मासूम मुस्कुराहट आपकी सभी परेशानियों को ख़त्म कर देंगे। आपको कई स्रोतों से आर्थिक लाभ होगा। बहन की शादी की ख़बर आपके लिए ख़ुशी का सबब लेकर आएगी।


***धनु:*** आप अपनी कार्यक्षमता से अच्छी तरह वाकिफ होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यापार धंधे में अच्छे लाभ की संभावना है। आपके ग्राहकों के साथ की मुलाकात भी लाभदायक साबित होगी ।

***मकर:*** अपने सामथ्र्य से अधिक खर्च न करें। आप अपने मित्रों को बाहर भोजन के लिए ले जाएंगे और अपनी उदारता प्रदर्शित करेंगे। आय और व्यय के बीच संतुलन रखना आपके लिए कठिन रहेगा ।

***कुंभ:*** आज आपका निजी जीवन तनावपूर्ण बन रहा है। इसलिए आपको अपनी समस्याओं पर पूरी तरह ध्यान रखने की आवश्यकता है। आपकी समस्याओं का अंत आने का समय नजदीक आ रहा है। इसलिए खूब धैर्यपूर्वक समग्र परिस्थिति संभालें।

***मीन:*** आज अनावश्यक और अचानक खर्च होने की संभावना है। आज आराम से यात्रा का आनंद उठा सकेंगे। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

## सब्जी और फल से मिलकर बनने वाली रेसिपी है 'कीवी मसाला मलाई'



कीवी का स्वाद खट्टा-मीठा होता है तो अगर आपको ये स्वाद पसंद है तो आज हम कीवी और लौकी की मदद से एक ऐसी रेसिपी तैयार करेंगे जो स्योर आएगी आपको पसंद।

**सामग्री :**

2 कीवी, 100 ग्राम लौकी, 2 हरी मिर्च, 1 टेबलस्पून शिमला मिर्च कटी हुई, 1 टीस्पून अदरक कद्दूकस किया हुआ, 1 चुटकी हींग, 1 चुटकी साबुत जीरा, 1 बड़ी इलायची, 1 तेजपत्ता, थोड़ा-सा हरा धनिया, 1 टेबलस्पून काजू कटा हुआ, 2 टेबलस्पून मलाई/क्रीम स्वादानुसार नमक, 1 टीस्पून तेल

**विधि :**

- कीवी को छीलकर चौकोर टुकड़े कर लें। लौकी को भी छीलकर उसके चौकोर टुकड़े काट लें।
- एक हरी मिर्च बारीक काटें और दूसरी को लंबाई में चीरा लगाकर दो टुकड़े कर लें।
- एक बर्तन में तेल गर्म कर तेजपत्ता, बड़ी इलायची व जीरा चटकाएं। इसके बाद हींग डालें।
- दो सेकेंड बाद अदरक डालकर भूनें और लौंकी के टुकड़ें व काजू डालें।
- हरी मिर्च, शिमला मिर्च और नमक डालकर लौकी डालकर नरम होने तक पकाएं।
- नर्म होने पर लौकी में कीवी मिलाएं और 5-7 मिनट बाद मलाई मिलाकर अच्छी तरह चलाएं। ऊपर से हरा धनिया डालकर सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 21

**बाएं से दाएं**
1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | | |
| | ■ | 11 | | ■ | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | ■ | ■ | 14 | | | ■ | ■ |
| 15 | | 16 | | ■ | | ■ | ■ | 17 |
| | ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ | |
| | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 020 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | ■ | आ | वा | जा | ही | ■ | ■ |
| मा | ■ | खू | ब | ■ | दू | र | स्थ | ■ |
| ना | दा | न | ■ | सा | ग | ■ | ल | क्ष्य |
| ■ | न | ख | ■ | त | र | ल | ■ | ■ |
| ■ | वी | रा | न | ■ | ■ | च | ट | क |
| ■ | र | ब | ■ | आ | ज | क | ल | ■ |
| ■ | ■ | ■ | आ | ग | ■ | दा | ना | ■ |
| ■ | अ | ग | र | म | ग | र | ■ | क्रो |
| भा | भी | ■ | ती | न | ■ | ■ | व | ध |

## सू-दोकू- 21

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.020 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |